दिनांक 8 मई 2021 स्वच्छ और सुंदर भिलाई

अंत्योदय, बीपीएल और एपीएल परिवार के हितग्राहियों का हो रहा है टीकाकरण, सभी के लिए अलग-अलग केंद्रों की स्थापना, निगम भिलाई में 20 टीकाकरण केंद्र में लगवा सकते हैं 18 से 44 वर्ष समूह के व्यक्ति टीका

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत 18 से 44 वर्ष उम्र समूह के बीपीएल , एपीएल एवं अंत्योदय कार्ड धारियों का टीकाकरण किया जा रहा है! भिलाई निगम ने इसके लिए 20 केंद्र स्थापित किए हैं, जहां ऐसे हितग्राहियों का टीकाकरण किया जा रहा है! कोसानगर स्थित टीकाकरण केंद्र का निरीक्षण कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने किया! वही व्यवस्था देखने निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री संजय कुमार ध्रुव ने भिलाई के सभी टीकाकरण केंद्रों का जायजा लिया! उन्होंने पंजीयन , टीकाकरण, ऑब्जरवेशन स्थल का निरीक्षण किया! ऑब्जरवेशन स्थल में उन्होंने हितग्राही परिवार के सदस्यों से चर्चा की , इस दौरान मालती बाई विश्वकर्मा, हेमराज एवं सिमरजीत सिंह ने बताया कि बड़ी ही आसान प्रक्रिया से टीकाकरण हो रहा है , रजिस्ट्रेशन की सामान्य प्रक्रिया से कुछ ही समय में टीकाकरण हो रहा है , ज्यादा समय तक इंतजार करने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है! निरीक्षण के दौरान उपायुक्त अशोक द्विवेदी , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा एवं पूजा पिल्ले, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली सहित अन्य मौजूद रहे!

18 से 44 वर्ष उम्र के अंत्योदय , बीपीएल एवं एपीएल कार्डधारी इन स्थलों में लगवा सकते हैं टीका

जोन 01 नेहरू नगर अंतर्गत - अंत्योदय कार्डधारियों के लिए वार्ड 12 शासकीय प्राथमिक शाला कोल डिपो के पास कांट्रेक्टर का◌ॅलोनी एवं वार्ड 2 शासकीय माध्यमिक शाला जुनवानी में , बीपीएल कार्डधारियों के लिए वार्ड 03 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोसानगर में , एपीएल कार्डधारियों के लिए वार्ड 06 शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सुपेला में।

जोन 02 वैशालीनगर अंतर्गत - अंत्योदय कार्डधारियों के लिए वार्ड 14 इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय जवाहर नगर एवं वार्ड 26 हाउसिंग बोर्ड के शासकीय स्कूल में , बीपीएल कार्डधारियों के लिए वार्ड 16 सरस्वती शिशु मंदिर कैलाश नगर में , एपीएल कार्डधारियों के लिए वार्ड 15 वैशालीनगर सांस्कृतिक भवन में।

जोन 03 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत - अंत्योदय कार्डधारियों के लिए दुर्गा विद्यालय वार्ड 24 मिलन चौक में एवं वार्ड 22 बाल मंदिर कैंप 1 पानी टंकी में, बीपीएल कार्डधारियों के लिए जनता स्कूल वार्ड 25 में केम्प 02, एपीएल कार्डधारियों के लिए वार्ड 21 शासकीय उच्च. मा. शाला. जेपी नगर केम्प 01 में।

जोन 04 शिवाजी नगर अंतर्गत - अंत्योदय कार्डधारियों के लिए वार्ड 34 सांस्कृतिक भवन अंडा चौक खुर्सीपार में एवं वार्ड 36 शासकीय पंडित जवाहर लाल नेहरू विद्यालय में, बीपीएल कार्डधारियों के लिए वार्ड 38 पाॅवर हाउस बस स्टैण्ड में , एपीएल कार्डधारियों के लिए वार्ड 28 मंगल भवन छावनी में।
जोन 05 सेक्टर क्षेत्र अंतर्गत - अंत्योदय कार्डधारियों के लिए वार्ड 55 हाईस्कूल सेक्टर 06 एवं वार्ड 52 प्रायमरी स्कूल सेक्टर 04 में, बीपीएल कार्डधारियों के लिए वार्ड 68 सेक्टर 09 के हाई स्कूल में, एपीएल कार्डधारियों के लिए वार्ड 65 एवं 66 के शासकीय प्राथमिक शाला स्ट्रीट 05 सेक्टर 07 में आकर टीका लगवा सकते हैं।

ड्राइव इन वैक्सीनेशन हाउसिंग बोर्ड क्रिकेट ग्राउंड में भी होगा प्रारंभ वरिष्ठ नागरिक लगवा सकेंगे टीका ड्राइव इन वैक्सीनेशन के तहत नेहरू नगर जोन क्रमांक 1 क्षेत्र अंतर्गत सूर्या ट्रेजर आइलैंड मॉल के पार्किंग स्थल में समय प्रातः 10:00 से 5:00 बजे तक एवं जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड क्रिकेट ग्राउंड में ड्राइव इन वैक्सीनेशन के तहत समय सायं 5:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक टीकाकरण करवा सकते हैं! यहां यह बताना आवश्यक है कि ड्राइव इन वैक्सीनेशन के तहत हाउसिंग बोर्ड क्रिकेट ग्राउंड में भी वैक्सीनेशन दिनांक 9 मई से प्रारंभ किया जाएगा , इसमें खास बात यह होगी कि यह टीकाकरण शाम को 5:00 बजे से प्रारंभ होगा!